'उद्यमियों को जमीन उपलब्ध कराने के लिए जिलों में चलाएं विशेष अभियान'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने यूपी ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए अगले माह प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के लिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को सक्रिय रहने और सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि जीबीसी के लिए जो भी लक्ष्य जिलों को दिये गए हैं, उससे अधिक प्रस्तावों को तैयार कराने का प्रयास करें। उद्यमियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराएं और उन्हें जमीन उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलों में विशेष अभियान चलाया जाए। उद्यमियों को जिलों में उपलब्ध भूमि के विकल्प दिये जाएं।वह वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर रहे थे।